हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
प्रवेश परीक्षा शाखा

दिनांक : 24 अगस्त, 2016

प्रेस नोट

बीएएमएस/बीएचएमएस तथ एमडी/एम एस(आयुर्वेद) के पाठयकमों में प्रवेश के लिए कॉउसलिंग शैडयूल में परिवर्तन बारे सूचना।

सभी सम्बन्धित अभ्यर्थियों के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि बी.ए.एम.एस के पाठयकम में प्रवेश हेतू प्रथम चरण की कॉउसलिंग विवरण पुस्तिका के अनुसार दिनांक 7.9.2016 को निर्धारित की गई थी लेकिन राजीव गान्धी राजकीय आयुर्वेद स्नातकोतर महाविद्यालय, पपरोला को अभी तक सीसीआईएम से शैक्षणिक सत्र 2016–17 के लिए प्रवेश हेतू मान्यता प्राप्त नही हुई है इसके दृष्टिगत उक्त महावधिालय की कॉउसलिंग अब दिंनाक 4 अक्तूबर 2016 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी तथा बीएचएमएस की कॉउसलिंग का शैडयूल प्रधानाचार्य होमियोपैथी मैडिकल कॉलेज सोलन के द्वारा अलग से जारी किया जाएगा। उक्त पाठयकमों की संशोधित मैरिट लिस्ट हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hpuniv.in पर अपलोड कर दी गई है।अभ्यर्थी अपना नाम उक्त वेबसाइट में देखे और उसके अनुसार उक्त कॉउसलिंग के लिए उपस्थित हों।

इसके साथ ही एमडी/एमएस (आयुर्वेद) के पाठयकमों में विवरण पुस्तिका के अनुसार प्रवेश हेतू प्रथम चरण की कॉउसलिंग में भी परिवर्तन किया गया है उसके अनुसार जो कॉउसलिग 23.9.2016 को होनी थी अब 17.10.2016 को राजीव गॉन्धी राजकीय स्नातकोतर आयुर्वेद, महाविद्यालय, पपरोला में 10:30 बजे आयोजित की जाएगी। मैरिट के आधार पर अभ्यर्थियों की सूची को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा तथा उक्त कोर्स की वरियता सूची को दिंनाक 15 सितम्बर 2016 को जारी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष नम्बर 0177–2830891 पर सम्पर्क कर सकते है ।

(डॉ0 जे0 एस0 नेगी)
परीक्षा नियन्त्रक

पृष्ठाकंन संख्या एच.पी.यू.(बी.ए.एम.एस.)ई.टी./2015 दिनांक 24.8.2016
प्रतिलिपिः –

1. जन –सम्पर्क अधिकारी हि. प्र.वि. शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ कि वे उक्त प्रेस नोट को अन्यर्थियों के सूचनार्थ विभिन्न समाचार–पत्रों में विस्तृत प्रचार हेतू प्राकाशित कारवाने के साथ–साथ आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केन्द्र शिमला इत्यादि से भी प्रससरित करवाने की कृपा करें।
2. सचिव माननीय कुलपति, हि.प्र.वि. ,शिमला ।
3. वरिष्ठ निजी सचिव कुलसचिव, हि. प्र. वि. शिमला ।
4. सूचनापटट, हि. प्र. वि. शिमला ।

उप–कुलसचिव(प्रवेश शाखा)